# CUH secures 17th Rank in IIRF Ranking

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**


**Newspaper: The Homepages** **Date: 05-06-2026**

# Central University of Haryana secures 17th rank in IIRF Ranking 2026

HP Correspondent

MAHENDERGARH, JUNE 4. The Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, has added another significant achievement to its academic profile by securing the 17th position among Central Universities in India in the India Institutional Ranking Framework (IIRF) Rankings 2026. This achievement reflects the University's commitment to quality education, research, innovation, industry-academia collaboration, student development, and efficient institutional governance.

Congratulating the entire university community, Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor, stated that this accomplishment is a testament to the collective dedication, hard work, and commitment to excellence demonstrated by faculty members, staff, researchers, students, and stakeholders. He noted that the University has established a distinct identity at the national level within a relatively short period and that this ranking validates its sustained efforts to promote quality teaching, research, and innovation. He appreciated the tireless efforts of the University's faculty members, researchers, students, and administrative staff in achieving this milestone.



*Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor*

Expressing his delight on the occasion, Prof. Pawan Kumar Sharma, Pro Vice-Chancellor, said that the position achieved in the IIRF rankings is a reflection of the University's academic quality, vibrant research culture, and student-centric approach. He added that this recognition will motivate the entire university community to strive for even greater excellence in the years ahead.

Prof. Suneel Kumar, Registrar, remarked that the University administration remains committed to providing an outstanding academic and research environment for students and faculty members. He emphasized that the institution continues to strengthen its academic and administrative systems to support holistic growth and excellence.

In the same context, Prof. Surender Singh, Director, Internal Quality Assurance Cell (IQAC), stated that securing the 17th rank in IIRF 2026 reflects the growing academic credibility of the Central University of Haryana and its continued focus on quality standards and evidence-based practices for institutional improvement. He further expressed confidence that this achievement would inspire the University to attain greater heights on national and global academic platforms.

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala                Date: 05-06-2026

# आईआईआरएफ रैंकिंग में केंद्रीय विवि में हकेंवि का 17वां स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इंडिया इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) 2026 में विश्वविद्यालय ने देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 17वां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि शिक्षा की गुणवत्ता, शोध कार्य, नवाचार, उद्योग से जुड़ाव और बेहतर प्रशासन का परिणाम मानी जा रही है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस सफलता पर सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके अनुसार, विश्वविद्यालय ने कम समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि यह रैंकिंग विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और शोध संस्कृति का परिणाम है। यह उपलब्धि सभी को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए बेहतर शैक्षणिक और शोध वातावरण बनाने पर काम कर रहा है।

आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि आईआईआरएफ 2026 में 17वीं रैंक मिलना विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और सुधार की निरंतर प्रक्रिया का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 05-06-2026**

## आईआईआरएफ 2026 में हकेंवि को केंद्रीय विवि में 17वीं रैंक

**भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है। 'इंडिया इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग 2026' में देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में विश्वविद्यालय को 17वां स्थान मिला है। विश्वविद्यालय ने कहा कि यह रैंकिंग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, उद्योग-अकादमिक सहयोग, विद्यार्थी विकास, बेहतर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का नतीजा है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक समर्पण, कठोर परिश्रम, उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह रैंकिंग गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, शोध, नवाचार को बढ़ावा देने के सतत प्रयासों की पुष्टि करती है।

समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा और कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों, शिक्षकों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक और शोध वातावरण देने के लिए लगातार काम कर रहा है। आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि आईआईआरएफ 2026 में 17वीं रैंक हकेंवि की बढ़ती शैक्षणिक विश्वसनीयता दिखाती है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navodaya Times** **Date: 05-06-2026**

# आईआईआरएफ रैंकिंग फ्रेमवर्क में हकेवि ने हासिल की 17वीं रैंक

## उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, उद्योग-अकादमिक सहयोग का परिणाम है




महेंद्रगढ़, 4 जून (नवोदय टाइम्स): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 'इंडिया इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) रैंकिंग 2026' में देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 17वां स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक पहचान को और सुदृढ़ किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, उद्योग-अकादमिक सहयोग, विद्यार्थी विकास तथा उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यप्रणाली का परिणाम है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा हितधारकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक समर्पण, कठोर परिश्रम और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने सीमित समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है और यह रैंकिंग गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के हमारे सतत प्रयासों की पुष्टि करती है।

उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं प्रशासनिक कर्मियों द्वारा किए गए अथक परिश्रम, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की।

विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईआरएफ रैंकिंग में प्राप्त यह स्थान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान संस्कृति और विद्यार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रतिफल है। यह उपलब्धि समस्त विश्वविद्यालय समुदाय को और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं शोध वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।